अध्याय 16

राजभाषा हिंदी का संवर्धन

राजभाषा हिंदी का संवर्धन

कोयला मंत्रालय ने वर्ष 2017–18 के दौरान अपने सभी अधीनस्थ कार्यालय/कंपनियों तथा स्वायत्तशासी निकाय के साथ राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग और उसके प्रचार–प्रसार के लिए प्रयास जारी रखे। यह मंत्रालय राजभाषा के प्रयोग को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय तथा संसदीय राजभाषा समिति से प्राप्त निर्देशों को नियमित रूप से मंत्रालय के अधिकारियों/अनुभागों तथा कोयला मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन अधीनस्थ कार्यालय/कंपनियों तथा स्वायत्तशासी निकाय के प्रशासनिक प्रमुखों को परिचालित किया जाता है ताकि संघ की राजभाषा नीति के सांविधिक प्रावधानों का कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जा सके।

दिन प्रतिदिन के सरकारी कामकाज में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न परिपत्र, आदेश तथा अपीलें नियमित रूप से जारी की गई हैं। हिंदी में टिप्पण तथा प्रारूपण लेखन को सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से मंत्रालय के सभी अधिकारियों और अनुभागों को द्विभाषी मानक मसौदे, अंग्रेजी–हिंदी शब्दकोश, सहायक पुस्तकें आदि वितरित की गई हैं। संघ का सरकारी कामकाज हिंदी में करने के लिए राजभाषा विभाग द्वारा जारी किए गए वर्ष 2017–18 के वार्षिक कार्यक्रम की एक–एक प्रति मंत्रालय के सभी अधिकारियों तथा अनुभागों के साथ–साथ मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन सभी अधीनस्थ कार्यालय/कंपनियों तथा स्वायत्तशासी निकाय को परिचालित की गई है ताकि संघ की राजभाषा नीति के कार्यान्वयन के लिए निर्धारित किए गए लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सके।

मंत्रालय में राजभाषा कार्यान्वयन समिति पहले से ही कार्य कर रही है। मंत्रालय में संयुक्त सचिव की अध्यक्षता में इस समिति की बैठकें नियमित रूप से आयोजित की जा रही हैं। मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन सभी अधीनस्थ कार्यालय/सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों तथा स्वायत्तशासी निकाय में भी ऐसी बैठकें आयोजित की जा रही हैं जिनमें सरकारी कामकाज में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने पर बल दिया जाता है।

मंत्रालय तथा इसके प्रशासनिक नियंत्रणाधीन सभी अधीनस्थ कार्यालय/कंपनियों तथा स्वायत्तशासी निकाय में सरकारी कामकाज में राजभाषा हिंदी के बारे में जागरूकता लाने तथा उसके प्रयोग में वृद्धि करने के उद्देश्य से 15.09.2017 से 29.09.2017 तक हिंदी पखवाड़ा आयोजित किया गया। हिंदी पखवाड़े के अवसर पर प्रत्येक श्रेणी के अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। हिंदी में कार्य करने में अधिकारियों और कर्मचारियों की झिझक को दूर करने के उद्देश्य से मंत्रालय समय–समय पर हिंदी कार्यशाला का आयोजन करता है।

सरकारी कामकाज में हिंदी के प्रयोग की स्थिति का जायजा लेने और राजभाषा अधिनियम के प्रावधानों तथा उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों का समुचित अनुपालन सुनिश्चित करने और सरकारी कामकाज में राजभाषा अधिनियम के प्रभावी कार्यान्वयन के संबंध में सुझाव देने हेतु संसदीय राजभाषा समिति की तीसरी उप–समिति ने मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन कुछ कार्यालयों का निरीक्षण किया। इसके अतिरिक्त, राजभाषा कार्यान्वयन की स्थिति का जायजा लेने के उद्देश्य से मंत्रालय के निरीक्षण दल ने मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन 03 कार्यालयों का निरीक्षण किया।

हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रेरक वातावरण का निर्माण करने के लिए मंत्रालय पुस्तकालय के लिए हिंदी पुस्तकों की खरीद करता है ताकि अधिकारी/कर्मचारी अपने हिंदी ज्ञान में सुधार कर सके।

माननीय कोयला मंत्री की अध्यक्षता में मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति की बैठक दिनांक 30.08.2017 को हुई तथा अगली बैठक निकट भविष्य में आयोजित की जाएगी।